तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023




संत गुरु घासीदास जयंती पर निकली सतनामी समाज की विशाल शोभायात्रा





## खबर संक्षेप

### शराब में जहर मिलाकर पीया, अस्पताल में मौत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भरूखोल निवासी युवक शराब में जहर मिला कर सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामकुमार मंझवार पिता भादोराम उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम भरूखोल बीते शनिवार को घर से नहीं लौटने की बात कहते हुए कहीं चला गया, लेकिन रविवार को वापस आ गया। उसके हाथ में शराब थी, जिसे वह पी गया। कुछ मिनट बाद वह जमीन पर गिर गया और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। ऐसे में परिजनों ने घबराकर आनन फानन में उसे गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां रात करीब एक बजे उसकी मौत हो गई।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**रायगढ़।** एक युवक उस वक्त तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया, जब वह रोड पार कर रहा था। बाइक की ठोकर से वह बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लालमुनि पासवान पिता शिवदास पासवान 42 साल निवासी छातामुड़ा चौक मूल रूप से ग्राम सगमा झारखंड ट्रक चालक है। वह बीते 17 दिसंबर की दोपहर को बाइपास रोड के दूसरी छोर में खड़ा था, ऐसे वह रोड पार करने की कोशिश कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसे गंभीर अवस्था में नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 1 घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई।

### पुल से गिरा युवक इलाज के दौरान मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी एक युवक उस वक्त नाले से गिर गया, जब वह बैठ कर शराब पी रहा था। गिरने से उसके सिर में चोंट आई। उसे लैलूंगा स्थित शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आकाश सिदार पिता चैतराम बीते 16 दिसंबर की देर शाम को नाले के पुलिया में बैठा था, तभी वहां से नीचे गिर गया। जिससे उसके सिर में चोंट आई। जिसे बाद में परिजनों ने लैलूंगा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, मर्ग कायम

**कटेली।** कोसीर थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसीर मुख्यालय के समीप ग्राम भाठागांव में देर रात एक युवक विकास लहरे पिता मालिकराम लहरे उम्र 20 ने गले में रस्सी लगाकर फांसी लगा अपनी जीवन समाप्त कर ली। जानकारी के मुताबिक परिवार वाले कोटवार गरीब दास थाना पहुंच कर सूचना दी कि उसके छोटे भाई मृतक विकास लहरे व पूरे परिवार सो गए थे जिसमे विकास लहरे घर के बाहर याने परछी में सोता था घर से लगभग 9 से 10 बजे लगभग उसकी बहन ने विकास से पूछा इतनी रात कहा जा रहे हो तभी मृतक विकास ने बोला आग तापने जा रहा हूं जो घर वापस नही आया तब सूबह नीद खुलने पर देखा कि घर नही आया है तो बडा भाई ओमप्रकाश लहरे पास में रहने वाले साथी ताराचनद बंजारे को बताया तो मृतक के नबर पर फोन लगाया जिसे नहीं उठाया गया फिर घर में परेशानी बढने लगा और फिर सुबह बच्चे खेलने के लिए स्कूल के तरफ गए तो देखा कोई फांसी पर झुलता दिखा।

### अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से पहचाने जाएंगे स्वास्थ्य केंद्र

# पीले रंग में दिखेंगे चिकित्सा भवन आरोग्यं परम धनम होगी टैग लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में अब स्वास्थ्य कल्याण केन्द्रों के नाम और ब्रांडिंग में बदलाव की कवायद शुरू हो गई है। स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र अब आरोग्य मंदिर के नाम से जाने जाएंगे। इतना ही नहींए इनका रंग भी हल्का पीला होगा।

शासन के आदेश जारी होने के बाद इसकी तैयारी भी शुरू कर ली गई है। सभी स्तर पर आरोग्यं परमं धनम भी लिखा जाएगा। इसे लेकर केन्द्र व राज्य सरकार ने गाइड लाइन जारी कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मण्डावी ने बताया कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कल्याण केन्द्रों एचडब्लूसी का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया जाएगा। इसके अलावा उन पर नियमानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रए उप स्वास्थ्य केन्द्र भी अंकित होगा। इस संबंध में सभी बीसीएमओ को ब्रांडिंग कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए 31 दिसम्बर तक फोटो को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में कलर ब्रांडिंग का कार्य भी जल्द शुरु होने की बात कही जा रही है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के 52 चिकित्सा संस्थान है इसमें से 4 शहरी स्वास्थ्य केंद्र 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 42 उप स्वास्थ्य केन्द्र है जिनकी कलर ब्रांडिंग करवाई जा रही है। इन चिकित्सा संस्थानों की ब्रांडिंग अलग होने से स्वास्थ्य केन्द्रों को दूर से ही पहचाना जा सकेगा। इससे आम मरीजों को उपचार स्थल तक पहुंचने में आसानी होगी। इसके अलावा एनएचएम का लोगो भी अंकित किया जाएगा। आमजन को जानकारी देने वाले साइन, फ्लैक्स बोर्ड भी बदले जाएंगे।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करने के 15 प्रकरण, 95 हजार वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सिंगल यूज प्लास्टिक एवं गंदगी फैलाने के विरुद्ध निगम अमला द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले 11 महीने में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं गंदगी फैलाने पर 95000 रुपए से ज्यादा जुर्माना किया गया है। इसी तरह पिछले दिनों निगम की टीम द्वारा 15 लोगों पर 11500 जुर्माना किए गए।

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं सभी सफाई दरोगा को उनके वार्डों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं गंदगी फैलाने पर लगातार जुर्माना एवं समझाइश देने संबंधित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सफाई दरोगा द्वारा 15 प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए 11500 रुपए जुर्माना किया गया। इसमें सफाई दरोगा कविता बेहरा द्वारा सिंगल उसे प्लास्टिक के विरुद्ध दो प्रकरण 1000 रुपए कमलेश मिश्रा दो प्रकरण 1000 रुपए रामनारायण तिवारी दो प्रकरण 1000 रुपए किशन नामदेव दो प्रकरण 1000 रुपए संजय यादव एक प्रकरण 500 रुपए जुर्माना की कार्रवाई की गई। इसी तरह गंदगी फैलाने पर सफाई दरोगा राकेश मिश्रा द्वारा चार प्रकरण में 4000 रुपए एवं संजय यादव द्वारा तीन प्रकरण जुर्माना के करते हुए 3000 रुपए जुर्माना वसूला गया। नवंबर माह के 30 दिनों में 90350 रुपए सिंगल यूज़ प्लास्टिक और गंदगी फैलाने पर निगम की टीम द्वारा जुर्माना किया गया। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने निगम के स्वास्थ्य विभाग के सभी सफाई दरोगा, स्वच्छता सुपरवाइजर एवं स्वच्छता दीदियों को सिंगल रुपए प्लास्टिक एवं गंदगी फैलाने पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर चंद्रवंशी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा की शहर को स्वच्छ बनाए रखना हम सब भी शहरवासियों की जिम्मेदारी है, इसलिए हमें स्वच्छता को लेकर हमे स्वयं का व्यवहार परिवर्तन करना बहुत ही जरूरी है। इसमें घर के कचरो को सूखा एवं गीला रूप में अलग अलग रखना, स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता वाहनों को ही सूखा एवं गीला कचरा को अलग अलग रूप में देने और खुले में कहीं पर भी कचरा नहीं फेंकने संबंधित रोजमर्रा के व्यवहार में लाना होगा।

**उपयोग, गंदगी फैलाने व अन्य पर वसूला जुर्माना**

सिंगल यूज प्लास्टिक 18 प्रकरण में 13000 रुपए, गंदगी फैलाने पर 302 प्रकरण में 73550 रुपए एवं अन्य के पांच प्रकरणों में 8500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इस तरह सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग, गंदगी फैलाने एवं अन्य कार्रवाई के तहत 95 हजार 50 रुपए जुर्माना वसूला गया।

# चरित्रशंका पर सो रही पत्नी को जलाकर मारा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किलकिला निवासी जूली कुजूर पर चरित्र शंका पर उसके पति विक्टोर कुजूर ने बीते माह उसे उस वक्त जला कर मारने का प्रयास किया जब वह गहरी नींद में थे। जिसके बाद बुरी तरह से झुलसी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 23 नवंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ऐसे में आरोपी विक्टर कुजूर पर हत्या और साक्ष्य छिपाने का अपराध दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका जूली कुजूर की शादी 10 वर्ष पूर्व विक्टोर कुजूर के साथ हुई थी। तब से विक्टोर उसके चरित्र पर शंका कर हमेशा लडाई झगडा करता था। संदेही विक्टोर कुजूर से पूछताछ करने पर उसने 22 अक्टूबर को जूली के खाना बनाते समय स्वयं के झुलस जाने की मनगंढत बात बताकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। जिसके बाद थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा पीएम रिपोर्ट व जुटाये गये साक्ष्यों के आधार पर संदेही विक्टोर कुजूर से पूछताछ की गई। तब उसने चरित्र शंका पर रात के वक्त गहरी नींद में उसकी पत्नी जूली कुजूर को जान से मारने के लिये पेट्रोल डालकर जलाना और घटना को छिपाने के लिए जूली के पहने कपड़े को जला देना स्वीकार किया।

आरोपी विक्टोर कुजूर पिता सिमोन कुजूर उम्र 34 साल निवासी ग्राम किलकिला थाना लैलूंगा को हत्या व साक्ष्य छिपाये जाने के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

# सारंगढ़-कोसीर में घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

कोसीर बटाऊपाली सहित पूरे अंचल में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती को लेकर पूरी भक्तिमय महौल रहा सूबह से ही बाबा साहेब की जयंती को लेकर तैयारी की गई गांव गांव के चौक चौराहो में भक्तिपूर्ण बाबा साहेब की पूजापाठ कर जयकारे लगाई गई बटाऊपाली अ में सतनाम समिति के लोग काफी संख्या मे उपस्थित होकर बाबा साहेब की सफेद झंडा लेकर पूरे गांव में बाजे गाजे साथ भव्य शोभायात्रा निकाल कर पूरे गाव की भ्रमण की और सतनाम संदेश दी उसी तरह कोसीर में नावाबस्ती के सतनाम युवा पारस समिति के लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर भक्ति मय से बाबा साहेब की पूजा पाठ कर कोसिर मे भव्य शोभायात्रा निकालकर बाबा घासीदास की जयकारे लगाऐ इस तरह से अंचल के गांव-गांव में घासीदास जयंती मनाई गई।

### लोइंग धान खरीदी केन्द्र से प्रबंधक नदारद

**रायगढ़।** धान खरीदी केंद्रों में समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों के स्थानांतरण के बाद से कुछ धान खरीदी केंद्रों में प्रबंधकों द्वारा संचालित नही किए जाने और त्याग पत्र देने के बाद से लोईग और टेंडा नवापारा केंद्रों में किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सेवा सहकारी समिति लोईग के सहायक समिति प्रबंधक मनोहर प्रधान का स्थानांतरण टेंडा नवापारा हो गया और वहा का समिति प्रबंधक का ट्रांसफर लोईग में हो गया,ऐसे में मनोहर प्रधान ने कुछ दिन टेंडा नवापारा में काम करने के बाद त्याग पत्र दे दिया जिसके कारण टेंडा नवापारा में धान खरीदी प्रभावित हो गई दूसरी ओर लोइंग में मनोज गुप्ता ने एक हफ्ता कार्य करने के बाद शुक्रवार को बीमारी का बहाना बनाकर छुट्टी ले ली है। अब लोइंग सेवा सहकारी समिति भी राम भरोसे हो गई है।

# पात्र उम्मीदवार: माइनिंग सरदार दक्षता परीक्षा की नि:शुल्क तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा जिले के तमनार विकासखंड में कोयला खदानों में एक पद माइनिंग सरदार दक्षता प्रमाण पत्र की परीक्षा की तैयारी कराने जा रहा है। गारे पेल्मा कोलियरी लिमिटेड जीपी सीएल खनन कंपनी के परिसर में स्थित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में परियोजना प्रगति के नाम से शुरू किए गए इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार 20 दिसंबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक वैधानिक नियोक्ता के रूप में परियोजना प्रभावित ग्रामों के सक्षम युवाओं को कोयला खनन उद्योग से जोड़ने के लिए जरुरी व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उनमें कार्यकुशलता तथा जिम्मेदारी के स्तर को बढ़ाना है।

**■ कोल खदान प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए उत्तम अवसर**

इस प्रशिक्षण के प्रथम बैच में पिछले तीन सालों से खदान में कार्यरत ग्राम मिलूपारा, खमरिया, करवही, बजरमुड़ा और ढोलनारा गांव के 12 वीं पास कर चुके पात्र उम्मीदवारों का चयन किया गया है। जिन्हें इस दौरान कुशल नेतृत्व में जिम्मेदारी पूर्वक इस परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद द्वारा कोयला खदानों में वैधानिक पद माइनिंग सरदार के लिए हर साल दिसम्बर में दक्षता प्रमाण पत्र की परीक्षा आयोजित की जाती है। यह पद किसी भी कोयला खनन कंपनी में बहुत ही जरुरी तथा जिम्मेदारी वाला होता है। साथ ही इसमें पास होने से कर्मचारी के वेतन और तरक्की की संभावनाएं बेहतर होती हैं। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा संचालित गारे पेल्मा कोलियरी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की खदान है जो एक जिम्मेदार खनिक के अंतर्गत समुदायों एवं कर्मचारियों के बेहतर और उज्ज्वल भविष्य उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्नशील है। इसी तरह की पहल मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के सुलियारी में तथा सरगुजा जिले के परसा ईस्ट कांता बासन खुली खदान में शुरू की गई है। जहां स्थानीयों से इसे उत्साहवर्धक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई है। इससे पहले भी अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से ढेरों जनहितैषी योजनाएं संचालित हैं।

# सॉ मिल में वन विभाग के जांच दल ने की छापेमार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



उर्दना काष्ठागार से ईमारती लकड़ियों की नीलामी के बाद असलियत जानने के लिए वन महकमे ने रश्मि टिम्बर वर्क्स में दबिश दी। वनकर्मियों ने लकड़ियों की अनियमितता जानने के लिए टीपी का मिलान करते हुए दस्तावेज वगैरह भी खंगाला। सूत्रों के मुताबिक रायगढ़ वनमंडल की टीम पिछले हफ्तेभर से अवैध इमारती लकड़ियों की जांच को लेकर लगातार सॉ मिलों और टिम्बरों में छापामार कार्रवाई कर रही है। हालांकि अब तक कहीं भी कोई गोलमाल सामने नहीं आया है। फिर भी विभागीय रोस्टर के अनुसार समय.समय पर आरा मिलों का सच जानने वहां दबिश जारी है। इसी क्रम में वन अमले ने शुक्रवार दोपहर शहर के जूटमिल क्षेत्र के मिट्ठुमुड़ा के हीरा नगर स्थित रश्मि सॉ मिल में छापामार कार्रवाही करते हुए टिम्बर में मौजूद लकडिय़ों की बारीकी से जांच की ताकि बाहर से लाए अवैध लकडियों का खुलासा हो सके। बताया जाता है कि आरा मिलों में नियमानुसार उर्दना काष्ठागार से ही इमारती लकडिय़ां लाई जा सकती है। वन अमला बकायदा इमारती और चिरान लकड़यिों की नीलामी करती है और इसके लिए टीपी की आवश्यकता होती है। ऐसे में विभाग के पास इमारती लकडियों की पूरी जानकारी होती है क्योंकि काष्ठागार में नीलामी की सारी जानकारी रिकॉर्ड के लिए दर्ज की जाती है। इसके बावजूद अगर ग्रामीण इलाके से लकडिय़ां लाई जाती है और इसके लिए सरपंच द्वारा प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता तो उसे अवैध माना जाता है। रेंगालपाली के परिक्षेत्र सहायक शरद कुमार बेक के नेतृत्व में रश्मि टिम्बर में दबिश देने वाले वनकर्मियों ने उर्दना डिपो से वहां लाए लकड़यिों की टीपी के मुताबिक मिलान करते हुए यह जानने की कोशिश की कि वहां कितना लठ्ठा और चिरान लकड़ी मौजूद है। अगर अनियमितता या अंतर का खुलासा होगा तो रश्मि टिम्बर के संचालक पर कानूनी कार्रवाई भी होगी।

# पहली पत्नी के होते की दूसरी शादी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी महिला ने अपने पति द्वारा दूसरी शादी किए जाने व उसे छोड़कर चले जाने की धमकी देते हुए 9 लाख रूपए की ठगी करने की शिकायत कराई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित महिला ने बताया कि नीरज हेडाऊ पिता जयप्रकाश हेडाऊ से उसका परिचय रायगढ़ में ही हुआ था। नीरज हेडाऊ स्वंय को अविवाहित बताकर वेजेरोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड चिराईपानी में मेकेनिकल डिजाईन इंजीनियर के पद पर कार्यरत होना बताया था। दोनों में प्रेम संबंध होने के बाद शादी की चर्चा घर में हुई युवती के घरवालों ने शादी से इंकार कर दिया। तब नीरज ने युवती को आर्य समाज रायपुर में विवाह करने के लिये राजी कर युवती को सर्टिफिकेट लेकर रायपुर बुलाया। युवती उसकी बातों में आकर नीरज हेडाऊ से अगस्त 2020 में आर्य विवाह की और नीरज युवती को वापस लेकर रायगढ़ आ गया। विवाह के बाद रहने की व्यवस्था नहीं होने पर युवती के मायके में रहने लगे। जहां नीरज नया मकान क्रय के लिये ससुरालवालों से रूपये मांगने पत्नी को राजी किया और 2 लाख 30 हजार रूपये भी ले लिये। उसके बाद मकान में और खर्च के नाम पर 5 लाख रूपये के लिये पत्नी पर दबाव बनाने लगा। रूपए नहीं मिलने पर पत्नी के करीब 5 लाख के जेवर बेच दिया। पीड़ति महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति नीरज हेडाऊ का व्यवहार धीरे-धीरे बदलने लगा वो गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगा। तभी पीड़िता को जानकारी हुई कि नीरज पूर्व से शादीशुदा है उसके 2 बच्चे भी है। उसका तलाक का मामला न्यायालय में लंबित है। उसके बाद नीरज अपनी पत्नी को छोड़ने की धमकी और अधिक यातनाए देने लगा और उससे मायके वालो से ली गई रकम को लौटने का बात करने पर उसे पहली पत्नी की तरह छोड देने की धमकी देने लगा। आरोपी के खिलाफ धारा 384, 420, 495 के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### ओडिशा से लेकर आ रहा था, लैलूंगा और बरमकेला पुलिस ने की कार्रवाई

# लैलूंगा पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर, 15 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले एक आरोपी को 15 किलो गांजा बरामद करते हुए जब्त कर लिया है। वहीं आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को मुखबीर से पुलिस को जानकारी मिली कि ग्राम भेलवाटोली निवासी नीलमणी यादव गांजा क्रय करने के लिए ओडिशा गया हुआ है और इसी दिन वापस लौटेगा। मुखबीर से प्राप्त इस सूचना पर तत्काल एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा दल बल के साथ घेराबंदी की गई। मुखबीर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने भेलवांटोली जंगल के रास्ते को घेरा हुआ था। इसी बीच पुलिस टीम को भेलवाटोली जंगल में एक व्यक्ति बोरी लेकर पैदल आता नजर आया। जब उसे रोक कर उससे पूछताछ की गई तब वह गोलमोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करता रहा। ऐसे मे संदेह व्यक्त होने के पर पुलिस ने उसके बोरे की जांच की। जिसमें गांजा पाया गया। जो 15 नग खाकी रंग के पेपर से लिपटा हुआ था। प्रत्येक पैकेट में एक.एक किलो था। उसके बोरे से करीब 15 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रूपए आंका गया है। आरोपी नीलमणी यादव पिता अंगद राम यादव उम्र 41 वर्ष के विरूद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र के गांजा तस्कर पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए अक्सर घने जंगल के रास्ते का उपयोग करते हैं। चूंकि गांजा तस्कर स्थानीय होते हैं, इसलिए जंगल के कई अनरूनी रास्तों के बारे में उन्हें काफी जानकारी होती है। ओडिशा से गांजे को यहां तक लाने के लिए कुछ स्पॉट तय किए जाते हैं, स्पॉट पर गांजा पहुंच जाने के बाद फिर इसे आगे की ओर भेजा जाता है। हालांकि जिले में गांजा तस्करी करीब एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

### वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी से गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**बरमकेला।** 14 दिसंबर को थाना प्रभारी बरमकेला सउनि विजय गोपाल स्टॉफ कन्हैया चौहान दिनेश चौहान मिनकेतन पटेल बिहारी साहू के साथ डोंगीपानी बेरियर के पास मेन रोड के पास वाहन चेकिंग के दौरान उड़ीसा बरमकेला मार्ग होते हुए स्कूटी में सवार दो व्यक्ति एक बैग लेकर आते मिले जिसे रोकवाकर नाम पता पूछने पर स्कूटी चालक अपना नाम अजय पटेल पिता अरुण पटेल 22 वर्ष निवासी छिलपा थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर तथा पीछे वाहन में बैठे व्यक्ति अपना नाम नितिन पटेल पिता बाबूराम पटेल 19 वर्ष सा छिलपा थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर बतया बैग के बारे में पूछताछ करने पर गांजा रखना तथा बलागिर उड़ीसा से अनूपपुर ले जाना व रामानुज पटेल निवासी भालूमाडा जिला अनूपपुर के द्वारा उड़ीसा बलागिर गांजा लेने के लिए भेजना तथा हम दोनों को तीन तीन हजार रूपए देने की बात कहने पर रामानूंज पटेल के द्वारा अपने स्कूटी में भेजा था बलागिर उड़ीसा में जिस स्थान पर रामानूंज रुकने के लिए बोला था वही पर रुके थे तब एक चार पहिया वाहन में बिना नंबर गाडी में एक व्यक्ति आया और हम दोनों को बारह किलो गांजा पैकेट में बंधा हुआ को दिया और रामानूंज पटेल के पास छोड़ने के लिए बोला बताये उक्त दोनों आरोपी को गांजा परिवहन करने बिक्री करने के सम्बन्ध में नोटिस देने पर उक्त दोनों आरोपियों के द्वारा परिवहन करने तथा बिक्री करने के सम्बन्ध में कोई कागजात नहीं होना बताए आरोपी नितिन के कब्जे से 12 किलो अवैध प्रदार्थ गांजा कीमती एक लाख बीस हजार रुपया तथा आरोपी अजय पटेल के कब्जे से घटना में उपयुक्त बिना नंबर ग्रे कलर स्कूटी को कीमती चालीस हजार को जप्त कर एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरिफ्तार कर न्याइक रिमांड पर भेजा गया है।

18-Dec -RAG Bhoomi-pg-2_Layout 1 12/18/2023 8:57 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ठेकाकर्मी की संदिग्ध मौत, मुआवजे की मांग

**घरघोड़ा।** तमनार के मिलूपारा निवासी प्रार्थी खीरकुंवर सिदार ने बताया कि उनका पति राजेन्द्र सिंह सिदार हिन्डाल्को कम्पनी में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था जो कि 15 नवंबर को शाम 4 बजे काम करने के लिए हिन्डाल्को कंपनी गया था फिर अचानक रात 1 बजे कुछ कंपनियों के कर्मचारियों के द्वारा घायल अवस्था में उसके घर लाया गया और कहा गया शराब पीकर काम करने गया था कहकर छोड़कर चला गया जबकि उनके सीने और पैर पर गंभीर चोट आई थी, तबीयत अधिक गंभीर होने के कारण आनन फानन में उसकी पत्नी द्वारा हास्पिटल ले जाया जा रहा था की रास्ते में राजेंद्र सिंह सिदार की मृत्यु हो गई, पोस्ट मार्टम के रिपोर्ट के अनुसार मृतक के सीने ट्रक के टायर के निशान पाए गए जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई। वहीं कंपनी प्रबंधन का कहना है कि मृतक ठेका मजदूर था और शराब पीकर ड्यूटी पर आया था जिसे कंपनी गेट पर ही नशे की हालत में पाए जाने पर घर भेज दिया गया था। घर में उसके द्वारा किन परिस्थितियों में कौन सा कदम उठाया गया इसके लिए कंपनी कहीं पर उत्तरदायी नहीं है।



### पोर्ते कॉलेज में एनएसएस का विशेष शिविर

**घरघोड़ा।** डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर 16 से 22 दिसंबर तकद्ध कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का एवं जिला संगठक भोजराम पटेल शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा के अध्यक्ष अरुण कुमार पंडा, प्राचार्य डॉ. जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू के कुशल नेतृत्व तथा विजय डनसेना, अजय मिश्रा के सहयोग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर ग्राम कठरापाली, पंचायत कोनपारा में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तीरथ राम राठिया सरपंच दिलीप साहू गंगाधर साहू राजकुमार बेहरा द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद, छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर विधिवत उद्घाटन किया गया। एसएल साहू कार्यक्रम अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल अवधारणा, उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। एनएसएस प्रभारी अजीत किंडो दीपक सिंह ठाकुर द्वारा दैनिक गतिविधि की जानकारी प्रदान की गई। शिविर उद्घाटन के अवसर पर रामप्यारे सूर्यवंशी मोहित सिंह सिदार द्वारा अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शिविर में 60 छात्र छात्राएं शिविरार्थी के रूप में उपस्थित रहे। किरीत राम राठिया सरपंच के द्वारा अपने उद्बोधन में विद्यार्थी जीवन का महत्व एवं शिविर का महत्व की जानकारी के साथ शिविर की सफलता की शुभकामनाएं दी गई। शिविर में वरिष्ठ छात्र स्वयंसेवक बोधराम चौहान, संजय राठिया, संजय पटेल, प्रकाश ठाकुर, लाल कुमार, छोटू राठिया, चित्ररेखा बेहरा, भोजमती की सहभागिता रही।

### उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 नवम्बर निर्धारित की गई है। सहायक संचालक श्रीमती मखीजा ने बताया कि निर्धारित सीमा में उद्यानिकी फसलों का बीमा स्वयं ऑनलाइन अथवा लोक सेवा केन्द्रों तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया के अधिकृत प्रतिनिधियों से भी बीमा करा सकते हैं।

## जल्द पूरा होगा गरीबों के घर का सपना

# 30 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा पीएम आवास का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित कैबिनेट की प्रथम बैठक में राज्य के ग्रामीण अंचल के आवासहीन के लिए अहम फैसला लिया गया। राज्य में 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को तत्परता से आवास की स्वीकृति देने के साथ ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

जशपुर जिले में 30 हजार से अधिक परिवारों को भी इसका जल्द लाभ मिलेगा। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब तबके के लोगों का अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है। जिन परिवारों को पूर्व में राशि नहीं मिली एवं जिन परिवारों का आवास के लिए स्वीकृति हो गई उन्हें जल्द ही निर्माण की मंजूरी देने के साथ ही राशि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऐसे गरीब परिवारों को घर मुहैया कराया जा रहा है, जिनका सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 की पात्र परिवार की सूची में नाम दर्ज है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत सभी बेघर और जिनके घरों में मरम्मत की आवश्यकता है, ऐसे परिवारों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। हितग्राहियों के खातें में राशि अंतरित करने के बाद राशि का सही जगह उपयोग हो अर्थात जारी राशि से आवास का ही निर्माण कार्य कराया जाये इसकी सतत मानिटरिंग की जा रही है।




हितग्राही प्रेरित होकर प्राप्त राशि से आवास निर्माण करा रहे है। नई सरकार के इस निर्णय के बाद हितग्राही खुश हैं और वे इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं। इस योजना से लोगों को अपने कच्चे आवासों से मुक्ति मिलेगी और योजना से लाभान्वित सभी हितग्राही अपने पक्के आशियाने में खुशहाल जिंदगी बसर कर पाएंगे।

## असामाजिक तत्वों ने भाजपा कार्यालय के सामने चिपकाया पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पर्चा में लिखा बागी नेताओं को बीजेपी कार्यालय में प्रवेश पर लगे पाबंदी
- बागी नेताओं में पूर्व मंत्री, विधायक सहित कई नेताओं के नाम

जिला मुख्यालय में एक बार फिर पर्चा कांड हुआ है, सोमवार की सुबह भाजपा कार्यालय के सामने एक पर्चा चिपका मिलने से शहर में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि कुछ देर में पर्चा हटा दिया गया ,लेकिन जब तक पर्चा हटता तब तक शहर के अनेक लोगों की निगाह पर्चे पर पड़ चुकी थी। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है यह हरकत अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया होगा।

सोमवार की सुबह-सुबह भाजपा कार्यालय के सामने प्रवेश द्वार पर एक पर्चा चिपका मिला। पर्चे में 2023 के चुनाव में भाजपा के समय गद्दारी करने वाले नेताओं का कार्यालय में प्रवेश वंचित करने की बात लिखी गई थी। पर्चा में जिन नेताओं का प्रवेश वंचित करने की बात लिखी गई थी उसमें पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, पूर्व विधायक राजशरण भगत, पूर्व विधायक प्रत्याशी गोविंद राम भगत, भाजपा नेता डीडीसी लालदेव राम भगत का नाम शामिल था। जिला भाजपा कार्यालय के प्रवेश द्वार पर चिपके पर्चे पर नजर पड़ते ही हटा दिया गया,लेकिन जब तक पर्चा हटाया जा सका तब तक अनेक लोगों की नजरें पर्चे पर पड़ गई थी। आशंका व्यक्त किया जा रहा है रात्रि किसी असामाजिक तत्वों ने ये हरकत की है।

## महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण क्रांति में बन रहीं अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- आत्मनिर्भरता की दिशा में जिले की 42 महिलाओं को समर्पित
- एक पीएमएफएमई सत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में मिला बढ़ावा

जशपुर की महिलाएं पीएमएफएमई योजना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्रांति में अग्रणी बन रही हैं।आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ते हुए, जशपुर जिले की 42 महिलाओं को समर्पित एक पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री औपचारिककरण सूक्ष्म खाद्य उद्यम) सत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ावा मिला। यह सत्र जशपुर जिले के एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) और कुंडली के एनआईएफटीईएम (राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।



आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं।

सत्र का मुख्य फोकस चावल आधारित उत्पादों की क्षमता को उजागर करना था, जो पीएमएफएमई के तहत जशपुर जिले का ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) है। एनआरएलएम के जिला मिशन मेनेजर विजय प्रसाद ने आत्मनिर्भर जशपुर को आगे बढ़ाने में महिलाओं को सशक्त बनाने में योजना की भूमिका पर जोर दिया। जशपुर में एनआईएफटीईएम विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम (वीएपी) के संरक्षक प्रो. प्रसन्न कुमार जीवी ने पीएमएफएमई योजना, फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण और जावापूल सुगंधित चावल के मूल्य वर्धन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, एनआईएफटीईएम उत्पाद विकास, विपणन और ब्रांडिंग पर डीआरपी (जिला संसाधन व्यक्ति) के माध्यम से व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ और सहकारी समितियों को व्यापक तकनीकी सहायता प्रदान करता है। श्री मनोज गौतम (डीआरपी, जशपुर) और तोमर (सहायक निदेशक, उद्यान, छत्तीसगढ़ सरकार) ने बागवानी फसलों में उत्पादन और मूल्य वर्धन के अवसरों के बारे में बात की, और महिला समूह को ओडीओपी के तहत नई इकाइयाँ शुरू करने या मौजूदा प्रसंस्करण इकाइयों को औपचारिक सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों में अपग्रेड करने के लिए पीएमएफएमई योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

महिला समूह वर्तमान में जिन मूल्य वर्धित उत्पादों को तैयार कर रही हैं, उनके संरक्षण, भंडारण, पैकेजिंग, लेबलिंग, विनियमन और विपणन पहलुओं पर एनआईएफटीईएम के छात्रों के साथ सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल हुईं। जय जंगल एफपीसी के निदेशक एवं खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण सलाहकार समर्थ जैन ने किसानों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में एनआईएफटीईएम की प्रमुख पहल, वीएपी का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पूजित अक्षत कलश वितरानवम शोभा यात्रा का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अयोध्या से सड़क मार्ग से चलकर रायपुर के रास्ते जशपुर पहुंची कलश का विकास खंड स्तर पर वितरण व शोभा यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

जशपुर के स्थानीय बालाजी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगाना शुरू हो गया था। दिन के लगभग 12 बजे बालाजी मंदिर में कलश पूजा बालाजी मंदिर के पुजारी पंडित मनोज रमाकांत मिश्र द्वारा मंत्रोचार के साथ लिया गया। बालाजी मंदिर में आस पास के चार विकास खंडों से श्रद्धालुओं और नौजवानो की टोलियां गाजे बाजे के साथ आने लगे। लगभग 1 बजे बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा के रूप में चारो विकास खंड से आए लोग सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण पहुंचे।



### राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा में ग्रामीण आमंत्रित

अयोध्या से जशपुर आई अक्षत कलश आज विकास खंड स्तर पर वितरित किया गया। जिसमे जशपुर, कुनकुरी, मनोरा व सन्ना विकासखंड से आए धर्म प्रेमियों को अक्षत कलश दिया गया है। वहां से विकासखंड के सभी गांवों के सभी परिवारों को इसी अक्षत के साथ अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अमंत्रित किया जाएगा।

-सर्वेश्वर सिंह, जिला संयोजक

सरस्वती शिशु मंदिर में कार सेवकों का मंचीय सम्मान किया गया। उसके बाद विकास खंड स्तर पर अक्षत कलश का वितरण किया गया।

## जिला स्तरीय सद्भावना शिविर आयोजित




**पत्थलगांव।** शासन के निर्देश पर नागरिक संरक्षण अधिनियम 1955, अनु.जाति एवं अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण )अधिनियम 1989 के तहत संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती पर सोमवार को अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन विकास खण्ड पत्थलगांव के ग्राम पंचायत कुमेकेला व महादेव टिकरा में किया गया। सद्भावना शिविर में सभी समुदाय से प्रबुद्ध जन एवं सतनामी समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए । इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया।

## आईडी दिलाने के नाम पर 1 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बैक का कर्मचारी बताकर किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर ठगी कर लाखो रुपए वसूली करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है।




इस संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हीराराम केवट निवासी सोठी 16 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताते हुए अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 10 हजार एवं नगदी 10 हजर कुल 20 हजार लिए है और आईडी नहीं दिलाने पर आरोपी निर्मल चंद्रा के संबंध मे पता करने पर पता चला कि आरोपी बैंक का कर्मचारी नहीं है। आरोपी द्वारा प्रार्थी के अन्य साथियो से भी आईडी दिलाने के नाम पर पैसा लिया है। रिपोर्ट पर धारा 420, 34 भादवी कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी निर्मल चंद्रा को सकुनत से पकड़ कर हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कुल 1 लाख 8 हजार 839 रूप्ए रूपया लेना बताया। जुर्म स्वीकार करने तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 17 दिसंबर को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पातासाजी जारी है मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जावेगी।

## 15 हजार ठगी का शिकार हुआ किसान, कलेक्टर से लगाई गुहार

**बिर्रा।** किसान के बैक खाते से कूटरचना कर 15 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में प्रार्थी ने कलेक्टर एवं एसपी से फरियाद लगाते हुए शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला जिला सहकारी बैंक बिर्रा का है।

**खास बात**
- तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की रखी मांग

इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर बैंक शाखा बिर्रा के प्रभारी शाखा प्रबंधक द्वारा एक किसान से लगभग 15 हजार रुपए कूटरचना कर जबरदस्ती राशि ठगी कर धोखाधड़ी कर लिया गया है। ठगी का शिकार हुए किसान को जब पता चला कि प्रभारी शाखा प्रबंधक एवं केशियर और कैश काउंटर में बैठने वाला गार्ड इन तीनों के द्वारा कूटरचना कर छलपूर्वक जबरदस्ती 15 हजार रुपए शासन को देने के नाम पर रख लिया गया। शिकायतकर्ता विकास कुमार कश्यप निवासी ग्राम व पुलिस थाना बिर्रा ने बताया कि उनके दादा स्वर्गीय रनसाय कश्यप



जिनका बैंक खाता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा बिर्रा में संचालित था। जिनका खाता क्रमांक 606041011712 था। उनके मृत्यु के पश्चात उनके खाता की शेष राशि को विकास कश्यप के पिताजी राम प्रसाद कश्यप के आवेदन देने के उपरांत खाता क्रमांक 1060034 1389 में कुल राशि 43 हजार 318 रुपएस्थानांतरित किया गया।

## अटल चौक का किया जा रहा रंग रोगन

**पत्थलगांव ।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले के समस्त अटल चौक का साफ सफाई एवं रंग रोगन किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्वच्छता के साथ किया जा सकेगा। पत्थलगांव जनपद पंचायत में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत गली, मोहल्लों, तालाब, सार्वजनिक स्थल का ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान के माध्यम -सफाई व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत के चौक चौराहा में बने के अटल चौक के परिसर का साफ-सफाई के साथ रंग-रोग किया जा रहा है।




## तौल पर्ची काटने के बदले किसानों से पैसा लेने के मामले में प्रभारी निलंबित

**जांजगीर-चांपा ।** तौल पर्ची काटने के बादले किसानों से रुपए लेने के मामले में अमोरा धान खरीदी केन्द्र को निलंबित कर दिए है। बताया जाता है कि किसान से रुपए वीडियो जमकर वायरल हुआ था। मामला अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमोरा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमोरा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी देवेन्द्र सिंह के खिलाफ तौल पर्ची काटने के बदले किसानों से पैसे लेने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। अमोरा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी देवेन्द्र सिंह का तौल पर्ची काटने के बदले किसानों से पैसे लेते वीडियो वायरल हुआ था। जिसे लेकर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे।

## कलेक्टर ने कृषि व सहकारिता विभाग एवं बैंकर्स की ली बैठक


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले इसके संबंध में आज कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बैंकर्स की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा उपस्थित थे। कलेक्टर ने केसीसी कार्ड बनाने के लिए किसानों से लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी ली। संबंधित बैंकर्स ने बताया कि किसानों का चार फोटो, आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड, बीवन, पीटू या ऋण पुस्तिका का छाया प्रति, एवं नॉमिनी का आधार कार्ड का दस्तावेज लगेंगे। कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए जो किसान वंचित है, उन्हें चिन्हांकित कर वांछित दस्तावेज प्राप्त करने तथा अभियान चलाकर केसीसी शत प्रतिशत किसानों का बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी बनाने के लिए कार्य योजना बनाने कहा तथा कनिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को 50 केसीसी का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। विकासखंडवार केसीसी के प्रगति एवं उपलब्धि गूगल शीट में एंट्री करने के निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक कृषि, लीड बैंक मैनेजर, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारिता, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

## भारतमाला परियोजना : सर्वे के बाद मिलेगा उचित मुआवजा

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव अनुविभाग अंतर्गत भारतमाला परियोजना हेतु ग्राम के किसानों की सुविधा एवं मांग के अनुसार सर्वे दल गठन कर फील्ड सर्वे का किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी के निर्देश पर दो आरआई मिखैल एक्का और तारा चंद राठौर, पांच पटवारी एवं भारतमाला के फील्ड सर्वे टीम ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रस्तावित नक्शे के अनुरूप सर्वे कार्य कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम बुढाडांड के ग्रामीणों को समझाइस दी गई, कि उन्हें शासन के निर्देशानुसार उचित मुआवजा मिलेगा एवं सड़क निर्माण होने से उनके गांव का विकास होगा सभी ग्रामीणों ने प्रशासन का सहयोग करने की बात की।



### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री मनीष टोप्पो पिता श्री फिलिप टोप्पो निवासी म.नं. 3352 रावतपुरा कालोनी फेस-1 मठपुरैना भाठागांव जिला रायपुर एवं कु.साधना तिर्की पिता श्री डी. के.तिर्की निवासी वार्ड नं. 08 पतरापारा संतोष नगर धरमजयगढ जिला रायगढ़ ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07 जनवरी, 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी,
रायपुर छ.ग.

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

18-Dec -RAG-JANJGIR- Bhoomi-pg-3_Layout 1 12/18/2023 8:59 PM Page 1





# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style



# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

## हॉलीवुड मसाला



### स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




### द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन ज़ेलनर और डेविड ज़ेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ़्दी, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज़ की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।



# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?

**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



# 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार

**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म साल 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। इसमें रश्मिका के किरदार को बहुत सराहा गया था।



## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...

**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।



# श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।

# तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।

# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

*मुंबई। जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म



अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरज़मीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

